महर्षि सान्दीपनि राष्ट्रीय वेदविद्या प्रतिष्ठान

(शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार)

वेदविद्या मार्ग, चिंतामण गणेश, पोस्ट जवासिया, उज्जैन- 456006 (म.प्र.)

Maharshi Sandipani Rashtriya Vedavidya Pratishthan

(Ministry of Education, Govt. of India)

Vedavidya Marg, Chintaman Ganesh, P.O. Jawasiya, UJJAIN – 456006 (M.P.)

पत्र सं. 25-2/2025 (शै.)/मसारावेविप्र/ दिनांक 24-4-2026

अधिसूचना –

विषय - महर्षि सान्दीपनि राष्ट्रीय वेदविद्या प्रतिष्ठान, उज्जैन परिसर में पुनश्चर्या पाठ्यक्रम (Refresher Course) प्रशिक्षण दिनांक 1 से 15 मई 2026 तक आयोजित किए जाने के सम्बन्ध में ।

महर्षि सान्दीपनि राष्ट्रीय वेदविद्या प्रतिष्ठान, उज्जैन द्वारा राष्ट्रीय शिक्षा नीति, 2020 के आलोक में तथा प्रतिष्ठान की अधिकृत समितियों की अनुशंसा से प्रतिष्ठान की अनुदानित वेद पाठशालाओं एवं गुरुशिष्य परम्परा इकाइयों के वेद अध्यापकों के लिए पुनश्चर्या पाठ्यक्रम प्रशिक्षण अध्यापकों के गुणवत्ता में सुधार, ज्ञानवृद्धि तथा अध्ययन-अध्यपन की व्यवस्था को सुचारु रूप से संचालन के लिये आयोजित किया जाना आवश्यक है।

1. वेद पाठशालाओं/गुरुशिष्य परम्परा इकाइयों के वेद अध्यापकों की सेवाएँ 5 वर्ष अथवा 10 वर्ष पूर्ण होने पर मानदेय वृद्धि प्रदान किये जाने का प्रावधान है । ऐसे वेद अध्यापकों के लिये वर्ष 2026-27 में प्रतिष्ठान परिसर, उज्जैन में पुनश्चर्या पाठ्यक्रम आयोजित किया जा रहा है।

2. संलग्न सूची में वेद की सभी शाखाओं के वेद अध्यापकों को दिनांक 30 अप्रैल 2026 की सायंकाल तक पाठ्यक्रम में उपस्थित होने के लिये उज्जैन पहुंचना अनिवार्य है।

3. प्रतिष्ठान द्वारा प्रतिभागी अध्यापकों को आने-जाने एवं प्रशिक्षण दिवसों सहित कार्यावकाश प्रदान किया जायेगा।

4. किसी भी अध्यापक द्वारा धर्मपत्नी, बच्चों या किसी भी पारिवारिक सदस्य/मित्र को अपने साथ लाना प्रतिबन्धित है। ऐसे प्रतिभागी का पुनश्चर्या पाठ्यक्रम में प्रवेश वर्जित होगा।

5. पुनश्चर्या पाठ्यक्रम में उपस्थित रहना अनिवार्य है। अनुपस्थित रहने पर वेद अध्यापक का मानदेय प्रदान किया जाना सम्भव नहीं होगा।

6. पुनश्चर्या पाठ्यक्रम के लिए निर्धारित समय-सारणी का पालन करना अनिवार्य है। अध्यापकों को निश्चित स्थान पर निर्धारित आवास में ही रहना आवश्यक है। बाहर से आने-जाने की अनुमति प्रदान नहीं की जाएगी।

24.4.26

दूरभाष (0734) 2502266, 2502254, 2502255 **फैक्स** (0734-2502253)

E-mail: msrvvpujn@gmail.com, Website: www.msrvvp.ac.in

7. मोबाईल का प्रयोग पूर्णतः प्रतिबन्धित रहेगा।

8. प्रतिष्ठान परिसर में प्रतिष्ठान के दिशा-निर्देशों का पूर्णतः पालन करना आवश्यक है।

संलग्न – प्रतिभागी अध्यापकों की सूची।

भवदीय

(संजय श्रीवास्तव)

सहायक निदेशक (शैक्षणिक)

प्रतिलिपि -

1. सम्बन्धित समस्त संस्था एवं वेदाध्यापकों को पालनार्थ।

2. प्रतिष्ठान की वेबसाइट पर प्रकाशनार्थ।

3. कार्यालय आदेश नस्ती।

4. सम्बन्धित फाइल।